भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 480

06 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए

स्क्रैप इस्पात बाजार

480. श्री राकेश सिन्हा:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में स्क्रैप इस्पात का कुल बाजार कितना है;

(ख) अनौपचारिक क्षेत्र में या अवैध रूप से कितने स्क्रैप इस्पात का पुनर्चक्रण किया जाता है;

(ग) स्क्रैपेज नीति ने घरेलू इस्पात स्क्रैप कीमतों को किस तरह से प्रभावित किया है; और

(घ) वैश्विक इस्पात स्क्रैप बाजार में देश की हिस्सेदारी कितनी है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) और (ख): वर्तमान में देश में स्क्रैप इस्पात का कुल बाज़ार लगभग 30 मिलियन टन (एमटी) है। देश में ज्यादातर इस्पात स्क्रैप अनौपचारिक क्षेत्र द्वारा एकत्र किया जाता है और इस्पात क्षेत्र द्वारा उपयोग में लाया जाता है।

(ख): इस्पात स्क्रैप पुनर्चक्रण नीति, 2019 एक व्यवस्थित, सुरक्षित और पर्यावरणानुकूल तरीके से फेरस स्क्रैप के वैज्ञानिक प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण हेतु स्क्रैपिंग केन्द्रों की स्थापना को सुविधाजनक बनाने और बढ़ावा देने के लिए रूपरेखा प्रदान करती है। घरेलू इस्पात स्क्रैप मूल्य बाजार द्वारा निर्धारित होते हैं।

(ग): वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन के आंकड़ो के अनुसार, वर्ष 2021-22 के दौरान विश्व भर में लगभग 220 एमटी फेरस स्क्रैप का व्यापार हुआ था। भारत इस्पात स्क्रैप का निवल आयातक है और वर्ष 2021-22 में 4 एमटी इस्पात स्क्रैप का आयात किया है।

****